सेंट थॉमस स्कूल , लोनी

समापन समारोह – स्पार्क 2023

३० नवम्बर २०२३ सेंट थॉमस स्कूल , लोनी में खेल उत्सव **'स्पार्क 2023'** के समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह- का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के डायरेक्टर श्रीमान एम० एस० वर्घीस, आद, फादर चेरियन जोसफ, फादर अफिलाश टी० आईसेक , फादर जॉन के० जैकब तथा सेंट थॉमस स्कूल इंदिरापुरम के प्रधानाचार्य वी० के० कुरियाकोस और हेड-मिस्ट्रेस श्रीमति शशि बाला मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन और स्वागत नृत्य से किया गया। विद्यालय के गौरव गान तथा स्वागत भाषण के बाद विद्यालय के चेयरमैन आदरणीय फादर सजी अब्राहम ने सभा को संबोधित किया। तदोपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्य आदरणीय श्रीमति शाली नायर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उसके बाद पुरस्कार वितरण आरम्भ हुआ जिसमें सबसे पहले गत वर्ष स्कूल की दसवीं तथा बारहवीं के सर्वोत्तम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उसके बाद वर्तमान के दसवीं के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 'डाक्टर पौलुस मार ग्रिगोरिऔस' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तदोपरांत विद्यालय के सर्वोत्तम शिक्षकों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति शाली नायर को उनके पच्चीस वर्ष की निरंतर प्रतिबद्ध सेवा के लिए एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उसके बाद खेल उत्सव के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । जिसमें एथलेटिक्स और विभिन्न खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत तथा टीम वाले खेलों के विजेताओं के साथ-साथ सबसे ज्यादा प्रतियोगिताओं में जीतने वाले प्रतियोगियों को 'बेस्ट एथलीट' और सबसे ज्यादा प्रतियोगिताओं में जीतने वाले 'हिमालया हाऊस' को 'चैंपियन ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनेक छात्रों ने भरतनाट्यम, गरबा , बंगाली नृत्य तथा पश्चिमी गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। बाद में स्कूल के रिध्मिक बैंड ने शानदार प्रदर्शन किया। अंत में कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि एम० एस० वर्घीस ने बच्चों को अपने भाषण में जीवन में संघर्ष करने और हार न मानने के लिए प्रेरणात्मक शब्द कहे। धन्यवाद भाषण के बाद कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान से हुआ।